संपादकीय

# हिंसा को रोकने का आह्वान

यह थोड़ी हैरानी वाली बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन सप्ताह पहले हुई रूस यात्रा के बाद भारत ने यूक्रेन समेत गाजा और म्यांमार में जारी हिंसा को रोकने का आह्वान किया।

टोक्यो में क्वाड देशों के विदेश मन्त्रियों ने न्यायसंगत और संतुलित विश्व व्यवस्था बनाए रखने और सभी राष्ट्रों की स्वतंत्रता, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने की अपील की।

इस बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मन्त्रियों ने भी हिस्सा लिया। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता का सम्मान करने के आह्वान का आशय यूक्रेन पर रूसी आक्रमण से भी निकाला जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का अलगे महीने यूक्रेन की यात्रा पर ही जाने की चर्चा है जहां रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विस्तार से वार्ता होने की संभावना जताई जा रही है।

हालांकि मोदी की यूक्रेन यात्रा की अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। क्वाड की इस बैठक में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में बलपूर्वक यथास्थिति बदलने की इकतरफा कार्रवाई की भी निंदा की गई।

हालांकि किसी का नाम नहीं लिया गया लेकिन स्पष्ट रूप से चीन की ओर इशारा था। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ मई महीने में रूस के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई शिखर वार्ता विश्व की सबसे बड़ी घटना थी। यह शिखर वार्ता भावी विश्व व्यवस्था के निर्माण में नींव का पत्थर साबित हो सकती है। शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य को रूस और चीन के बीच 'असीमित साझेदारी' वाला दस्तावेज बताया गया।

यूक्रेन युद्ध से ठीक पहले वर्ष 2022 में दोनों देशों ने असीमित समझदारी कायम करने का फैसला किया था। प्रधानमंत्री मोदी की जुलाई में हुई रूस यात्रा के ठीक पहले पुतिन और जिंगपिंग की कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित सुरक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान वार्ता हुई थी।

दोनों नेताओं के बीच यह एक वर्ष में दूसरी मुलाकात थी। कुछ विशेषज्ञों का विश्वास है कि रूस और चीन की मित्रता ने भारत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत और चीन के शत्रुतापूर्ण संबंधों पर भविष्य में रूस का रुख क्या होगा यह कहना मुश्किल है। क्या टोक्यो में आयोजित क्वाड की बैठक में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ एकजुट होकर चीन के प्रति भारत का मुखर होना कुछ विशेष संकेत दे रहा है?

# अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने क्यूआईपी के जरिए 8,373 करोड़ रुपए जुटाए

अहमदाबाद




अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने सोमवार को घोषणा की कि उसने योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) रूट के जरिए 8,373 करोड़ रुपये (1 बिलियन डॉलर) जुटाए हैं। यह देश के बिजली क्षेत्र में सबसे अधिक है।

यह लेन-देन 30 जुलाई को बाजार बंद होने के बाद शुरू किया गया था। इसका आधार सौदा आकार 5,861 करोड़ रुपये (700 मिलियन डॉलर) था। इसमें 8,373 करोड़ रुपये (1 बिलियन डॉलर) तक के आकार का ग्रीन-शू विकल्प शामिल था।

क्यूआईपी को निवेशकों के एक विविध समूह से आधार सौदे के आकार से लगभग छह गुना बोलियां लगीं। इनमें पहली बार भारत में प्रवेश करने वाले उपयोगिता-केंद्रित अमेरिकी निवेशक, सॉवरेन वेल्थ फंड, प्रमुख भारतीय म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियां शामिल थीं।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह क्यूआईपी जुलाई 2015 में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से अलग होने और सूचीबद्ध होने के बाद पूंजी बाजार में इसकी पहली इक्विटी वृद्धि है।

एईएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंदर्प पटेल ने कहा, भारत का मजबूत निवेश चक्र और बिजली की बढ़ती मांग बिजली क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेतक हैं। संस्थागत निवेशकों की ठोस रुचि भारत के ऊर्जा संक्रमण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और विश्वास को दर्शाती है, इसमें एईएसएल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पटेल ने कहा कि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस विश्वसनीय, किफायती और टिकाऊ तरीके से अंतिम उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाने में क्रांति ला रहा है, जो भारत के ऊर्जा संक्रमण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

उन्होंने कहा, हमारे क्यूआईपी को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया निवेशकों के हमारे मजबूत व्यापार मॉडल, निष्पादन क्षमताओं और प्रभावी पूंजी आवंटन रणनीति में ठोस विश्वास को दर्शाती है, जो मजबूत विकास और असाधारण शेयरधारक मूल्य को बढ़ावा देती है।

क्यूआईपी से प्राप्त धन का उपयोग ट्रांसमिशन परिसंपत्तियों, स्मार्ट मीटरिंग व्यवसाय, ऋण चुकौती और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में निवेश के लिए किया जाएगा। क्यूआईपी एक ऐसा साधन है, जिसका उपयोग सूचीबद्ध कंपनियां बड़ी संस्थाओं से धन जुटाने के लिए करती हैं।

सूत्रों के अनुसार, अरबपति स्टेनली ड्रुकेंमिलर के पारिवारिक कार्यालय द्वारा संचालित निवेश फर्म और अमेरिका आधारित लॉन्ग-ओनली फंड, ड्रिहाउस कैपिटल मैनेजमेंट और जेनिसन एसोसिएट्स ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के क्यूआईपी में निवेश किया।

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 73 प्रतिशत शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की, जबकि राजस्व में सालाना आधार पर 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# जनधन और बेसिक सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत नहीं : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कहा गया है कि जन धन और बेसिक सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम अकाउंट बैलेंस रखने की आवश्यकता नहीं है। बैंक द्वारा केवल उन्हीं ग्राहकों पर जुर्माना लगाया जाता है जो अपने खाते में अपेक्षित राशि बनाए रखने में विफल रहते हैं। बैंक खातों में ग्राहकों की ओर से न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण 8,500 करोड़ रुपये का जुर्माना सरकारी बैंकों द्वारा बीते 5 वर्षों में वसूले जाने के एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने ये बात कही।

सीतारमण ने कहा कि सदन के सदस्यों की ओर से बैंकों द्वारा न्यूनतम बैलेंस न रखने पर राशि काटे जाने का सवाल उठाया गया है। यह नियम पीएम जन धन खातों और बेसिक सेविंग्स अकाउंट पर लागू नहीं होता है। ये केवल उन खातों पर लागू होता है, जिसमें ग्राहकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने खाते में एक सीमा तक न्यूनतम बैलेंस बनाए रखें। वित्त मंत्री की ओर से यह जवाब लिखित में लोकसभा में दिया गया।

बता दें, जिन सरकारी बैंकों द्वारा न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण जुर्माना वसूला गया है उनमें पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बैंक, यूको बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का नाम शामिल है।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा को बताया था कि न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 24 में 2,331 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला है। यह राशि पिछले साल वसूली गई रकम से 25 प्रतिशत अधिक थी। वित्त वर्ष 2023-24 में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 633 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 386 करोड़ रुपये और इंडियन बैंक द्वारा 369 करोड़ रुपये का जुर्माना न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए वसूला गया है।

# मजबूत ग्लोबल संकेतों से शेयर बाजार में तेजी, आईटी और ऑटो स्टॉक में उछाल

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बुधवार को तेजी के साथ हुई। बाजार के करीब सभी इंडेक्स मजबूती के साथ कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स 972 अंक या 1.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,565 और निफ्टी 296 अंक या 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,289 पर खुला।

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,054 अंक या 1.90 प्रतिशत बढ़कर 56,570 और निफ्टी स्मॉलकैप 318 अंक या 1.78 प्रतिशत बढ़कर 18,189 पर है। सेंसेक्स पैक में सभी 30 शेयर हरे निशान में खुले हैं। इंफोसिस, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, विप्रो, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स हैं। बाजार में रुझान सकारात्मक नजर आ रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1778 शेयर हरे निशान में और 122 शेयर लाल निशान में हैं।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने 76 नए यूनिपोल के लिए निकाले टेंडर, 97 करोड़ रुपए की होगी आमदनी

ग्रेटर नोएडा




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 76 नए यूनिपोल के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। इन यूनिपोल पर पहली बार क्यूआर कोड भी लगाए जाएंगे। सात साल के लिए यूनिपोल का आवंटन किया जाएगा। इससे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सात साल में लगभग 97 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शहर में लगे अवैध यूनिपोल को हटाने और नए यूनिपोल का टेंडर करके नए सिरे से आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर अमल करते हुए प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने नए यूनिपोल की लोकेशन के टेंडर निकाल दिए हैं। पांच साल बाद यूनिपोल के टेंडर हुए हैं।

एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि 76 नए यूनिपोल के लोकेशन चिन्हित किए गए। इनके लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं। सर्वाधिक कीमत की बिड लगाने वाले को यूनिपोल आवंटित किए जाएंगे। यूनिपोल के टेंडर की डिटेल और यूनिपोल की लोकेशन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है।

उन्होंने बताया कि लोकेशन के आधार पर इन 76 यूनिपोल के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी यूनिपोल का आवंटन हो जाने से प्राधिकरण को सात साल में लगभग 97 करोड़ रुपए की आमदनी होने की उम्मीद है। चयनित कंपनियां सात साल के लिए इन यूनिपोल पर विज्ञापन लगा सकेंगी।

प्राधिकरण ने यूनिपोल की डिजाइन को आकर्षक बनाने के प्रयास किए हैं। हालांकि, यूनिपोल के आकार व डिजाइन प्राधिकरण के मानकों के हिसाब से ही होंगे। ये यूनिपोल एक जैसे रंग के होंगे। डिजाइनर फ्रेम लगाए जाएंगे। क्यूआर कोड से हर यूनिपोल के लोकेशन का रिकॉर्ड होगा, जिससे किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। यूनिपोल के टेंडर की प्रक्रिया अगस्त माह में पूरी कर ली जाएगी।

# मनु भाकर के कोच ने कहा, दुनिया देख रही है देश की बेटी की उपलब्धि

नई दिल्ली




पेरिस ओलंपिक 2024 में डबल पदक विजेता मनु भाकर आज भारत लौट आई हैं। दिल्ली में हवाई अड्डे पर ढोल नगाड़े के साथ उनका भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, जो मुझे इतना प्यार मिल रहा है। कोच जसपाल राणा ने कहा कि दुनिया देख रही है देश की बेटी की उपलब्धि।

दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड के लोगों ने उत्साह और गर्मजोशी से मनु भाकर का स्वागत किया। पूरा इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर मनु भाकर बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने अपने सैकड़ों प्रशसकों का अभिवादन स्वीकार किया। मनु भाकर ने कहा कि मैंने आलू के पंराठे बहुत मिस किए। अब खाने के लिए तैयार हूं। वो भारी सुरक्षा के बीच अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों और कोच के साथ गाड़ी से एयरपोर्ट से रवाना हुईं।

इस बेहद खास मौके पर मनु भाकर के कोच जसपाल राणा बेहद खुश और गौरवान्वित नजर आए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जीत है। किसी भी खिलाड़ी ने आज तक ओलंपिक में दो मेडल नहीं जीते हैं। एक महिला खिलाड़ी दो पदक जीतकर आई है। शूटिंग में यह भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज पूरी दुनिया देश की बेटी की उपलब्धि देख रही है। आप सबको इसकी ढेरों बधाई।

बता दें कि मनु ने महिला व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल में और मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज जीते थे। वो एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। मनु पेरिस ओलंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी में भारत की ध्वजवाहक होंगी। वो रविवार को होने वाले क्लोजिंग सेरेमनी के लिए पेरिस वापस रवाना हो जाएंगी।

# विनेश का गोल्ड जीतने का सपना टूटा, ओवर वेट की वजह से फाइनल नहीं खेल पाएंगी




पेरिस

विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक 2024 में रेसलिंग का फाइनल नही खेल पाएंगी. उन्हें फाइनल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया दया है. ओलंपिक समिति का ये फैसला न सिर्फ विनेश फोगट के लिए बल्कि पूरे भारत के लिए बहुत निराशाजनक है. इस फैसले के बाद विनेश के साथ साथ पूरे देश की गोल्ड जीतने की उम्मीद टूट गई है. बता दें कि फोगात का फाइनल मुकाबला 7 अगस्त की रात को खेला जाना था.

विनेश फोगाट ने 50 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया था. 6 अगस्त को हुए तीनों मुकाबले उन्होंने इसी वर्ग में खेले और जीते थे लेकिन फाइनल के पहले उन्हें ओवर वेट पाया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक उनका वजन 50 किलोग्राम से ज्यादा है. उनका वजन 50 किलोग्राम से लगभग 100 ग्राम ज्यादा बताया जा रहा है. इस वजह से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है. वे अब फाइनल मुकाबला नहीं खेल पाएंगी. भारत ने ओलंपिक समिति के इस फैसले पर विरोध जताया है.

विनेश फोगाट ने 6 अगस्त को लगातार 3 मैच जीत 50 किग्रा फ्री स्टाइल रेसलिंग के फाइनल में अपनी जगह बनाई थी. फोगाट ने 4 बार की विश्व चैंपियन और पिछले ओलंपिक की गोल्ड मेडल विजेता और लगातार 82 मैच जीतने वाली जापान की ई सुसाका को हराया. इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन और सेमीफाइनल में क्यूबा की पहलवान को हराकर फाइनल में जगह बना ली. विनेश फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला रेसलर हैं.

# श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर स्त्री 2 का रोमांटिक गाना तुम्हारे ही रहेंगे हम हुआ रिलीज




अमर कौशिक की निर्देशित आगामी हॉरर-कॉमेडी ड्रामा स्त्री 2 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार हैं. फैंस श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की जोड़ी को एक बार फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं, मेकर्स फैंस और दर्शकों का उत्साह बनाए रखने के लिए स्त्री 2 का नया सॉन्ग तुम्हारे ही रहेंगे हम रिलीज किया है. यह गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है.

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर स्त्री 2 का नया रोमांटिक सॉन्ग की झलक शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, इंतजार हुआ है खत्म क्योंकि तुम्हारे थे, तुम्हारे हैं, तुम्हारे ही रहेंगे हम. तुम्हारे ही रहेंगे हम आउट. इस स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, 2024 को लौटेगी स्त्री 2. गाने में स्त्री और विक्की के बीच की रोमांटिक केमिस्ट्री को बहुत ही खूबसूरती के साथ दिखाया गया है. गाने में स्त्री के पहले भाग की भी झलक देखने को मिला है. इस गाने को वरुण जैन, शिल्पा राव और सचिन-जिगर ने गाए गए. इस ट्रैक में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव ने अपनी खूबसूरती से चार चांद लगा दिए हैं. सचिन-जिगर ने म्यूजिक दिया है, जबकि अमिताभ भट्टाचार्य ने दिल को छू लेने वाले बोल दिए हैं.

# मिस्टर बच्चन की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा, थंगलान-डबल इस्मार्ट से होगी रवि तेजा की टक्कर



साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अब निर्माताओं ने इस इंतजार पर विराम लगा दिया है और फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक एलान कर दिया है।

अजय देवगन की रेड का तेलुगु रूपांतरण मिस्टर बच्चन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में धमाल मचाएगी। निर्माताओं और रवि तेजा ने इसकी घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर भी साझा किया। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस पीपल मीडिया फैक्ट्री ने लिखा, वक्त पे पहुचनेका अपना पुराना आदत है। मिस्टर बच्चन की 15 अगस्त को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज होगी।

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अगर आप एक स्टूडेंट हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी है कि आज आपको करियर से रिलेटेड कोई शुभ सूचना मिल सकती है। कॉलेज में आपकी एक्टिविटी से आपके दोस्त खुश होंगे।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह भी सकता है।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए समान्य रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको ख़ुशी होगी।

***सिंह:*** आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है।आज का दिन आपके फेवर में रहने से आपको ख़ुशी होगी जिस काम का रिजल्ट अभी तक आपको निराश कर रहा था उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं।

***तुला:*** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ़ होगी।

***धनु:*** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह ख़ुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा।

***मकर:*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके ख़ुशी मिलेगी साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा.. आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दुसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा।

# कलाई में हमेशा रहता है दर्द तो हो सकता है ये सिंड्रोम

अगर हाथ और कलाई में लगातार बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो अनदेखा न करें, क्योंकि यह कार्पल टनल सिंड्रोम हो सकता है. इसमें कलाई में कार्पल टनल यानी नसों पर दबाव पडऩे से नसों में सूजन आ जाती है, जिससे दर्द बहुत ज्यादा होता है.

इसमें कलाई से बांह तक जाने वाली किसी नस में दबाव पड़ सकती है. इसकी वजह से हाथों में दर्द के अलावा कलाई में झुनझुनी और हाथ से काम करने में समस्या हो सकती है. आइए जानें आखिर कार्पल टनल सिंड्रोम क्या होता है और इसके क्या-क्या खतरे हैं...

**कार्पल टनल सिंड्रोम के क्या-क्या लक्षण हैं-** कार्पल टनल सिंड्रोम होने पर कई लक्षण नजर आ सकते हैं. इनमें कलाई और हाथ में दर्द खासकर रात में दर्द बढ़ सकता है. इसके अलावा सुन्नपन और झनझनाहट,हाथों में कमजोरी, चीजों को पकडऩे में समस्या हो सकती है, उंगलियों में कमजोरी हो सकती है.

कार्पल टनल सिंड्रोम के कारण हाथों और कलाइयों में तेज दर्द होता है. यह सिंड्रोम पुरुषों की तुलना में महिलाओं में तीन गुना अधिक बार होता है. अक्सर यह समस्या 30 साल के बाद या गर्भावस्था के दौरान और बच्चे के जन्म के बाद शुरू होती है. लेकिन कई बार ऐसा एक हाथ का ज्यादा इस्तेमाल करने, कंप्यूटर या लैपटॉप पर उंगलियां चलाने या हाथ की खराब स्थिति के कारण होता है

**कार्पल टनल सिंड्रोम क्यों होता है-** जो लोग हाथ से काम ज्यादा करते हैं, उनमें इस तरह की समस्या देखने को मिलती है. जैसे टाइप करना, लिखना और कंप्यूटर माउस का ज्यादा इस्तेमाल, सिलाई करने वालों में इस तरह की समस्या हो सकती है. इससे मांसपेशियों में परेशानियां, हड्डियों का डिसऑर्डर और डायबिटीज के जोखिम बढ़ा सकते हैं, इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, वरना कई तरह की तकलीफें बढ़ सकती हैं.

**कार्पल टनल सिंड्रोम का खतरा बढ़ाने वाली बीमारियां-** डायबिटीज, मोनोपॉज, रुमेटॉइड आर्थराइटिस, मोटापा, किडनी फेलियर

**कार्पल टनल सिंड्रोम में क्या करें-** 1. कंप्यूटर-लैपटॉप पर काम करते वक्त या कोई अन्य काम करते समय कलाई सीधी पोजिशन में रखें. 2. लगातार काम न करें, हाथों को ब्रेक दें, लगातार टाइपिंग या रिपिटेटिव मोशन के दौरान हाथों को रेस्ट दें.


# शब्द सामर्थ्य- 142

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 141 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

# सू-दोकू- 142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.141 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |